6671

**मा0 मुख्यमंत्री सन्दर्भ/महत्वपूर्ण/फैक्स**

**उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।**
**संख्याः 3/क-99-2012, दिनांकःदिसम्बर 09 ,2013**

सेवा में,

पुलिस अधीक्षक,
कन्नौज।

विषयः- जनपद कन्नौज के ग्राम निजामपुर, पोस्ट-बिबिया जलालपुर, ब्लाक तालग्राम में पुलिस चौकी बनाये जाने के सम्बन्ध में।

-:-

कृपया उपर्युक्त विषयक पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकः 10-9-2012 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से पुलिस मुख्यालय को सम्बोधित व आपको पृष्ठांकित शासन के पत्र संख्याः सीएम-71पी/छः-पु-6-12-17सीएम/2012, दिनांकः 27-7-2012 एवं उसके साथ संलग्न श्री अरविन्द सिंह यादव, मा0 विधायक, छिबरामऊ के पत्र दिनांकः 1-6-2012 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये विषयांकित प्रकरण में आख्या/प्रस्ताव अविलम्ब पुलिस मुख्यालय भिजवाने का अनुरोध किया गया है।

2- ज्ञातब्य है कि प्रकरण में एक वर्ष से अधिक का समय व्यातीत होने एवं अन्तिम अनुस्मारकः दिनांकः 16-9-2013 निर्गत करने के उपरान्त भी अपेक्षित आख्या/प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय को न उपलब्ध कराने के परिणामस्वरूप शासन को नहीं भेजा जा सका है।

3- अतएव निदेशानुसार पुनः अनुरोध कि प्रकरण का परीक्षण कराकर प्रस्ताव शासनादेश दिनांकः 3-9-2008 में उल्लिखित 13 बिन्दुओं की सूचनाओं का समावेश करते हुये नये वेतनमान के अनुसार व्ययभार का विवरण जनशक्ति, उपकरण/संसाधन सहित तीन वर्षीय तुलनात्मक अपराधिक आंकड़ों के साथ पुलिस अधीक्षक/जिलाधिकारी एवं परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक के संयुक्त हस्ताक्षर मय सी0डी0, पुलिस अधिसूचना सहित तीन प्रतियों में अविलम्ब पुलिस मुख्यालय भिजवाने का कष्ट करें, ताकि परीक्षणोपरान्त प्रस्ताव शासन को भेजा जा सके।

4- कदाचित् मानक पूर्ण न करने, भूमि/भवन उपलब्ध होने व अन्य कतिपय कारणवश उक्त स्थल पर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी की स्थापना कराया जाना सम्भव न हो तो भी कारण दर्शाते हुये उक्त सूचना से तत्काल पुलिस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

09/12/13
(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
अपर पुलिस अधीक्षक,मुख्यालय,
नि0:अपर पुलिस महानिदेशक,मुख्यालय,
उत्तर प्रदेश।

**फैक्स**

प्रतिलिपि- पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि अपेक्षित आख्या/प्रस्ताव अविलम्ब पुलिस मुख्यालय भिजवाने हेतु कृपया पुलिस अधीक्षक, कन्नौज को कृपया अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।